राजीव युवा मितान क्लब की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों में खेल मेला का हो रहा है आयोजन, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी दे रहे है बढ़ावा, पेंटिंग व रंगोली आदि की प्रतियोगिता के माध्यम से दे रहे हैं प्रेरक संदेश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के खेल के आयोजन किए जा रहे हैं। जिसमें बच्चे , युवा, महिलाएं तथा बुजुर्ग बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। क्रिकेट , खो-खो, कबड्डी, टेनिस, बैडमिंटन, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकशी, कंचा, भंवरा, दौड़, पिट्टूल, फुगड़ी इत्यादि खेलों में लोग अपनी रूचि दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की मंशा के अनुरूप राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं तथा खेल , सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। भिलाई नगर विधायक एवं राजीव युवा मितान क्लब के राज्य स्तर के समन्वयक देवेंद्र यादव तथा भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में राजीव युवा मितान क्लब वार्ड क्षेत्रों में खेल का आयोजन कर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए लोगों को इससे जोड़ने का काम कर रहे हैं। सामाजिक गतिविधियों के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कुष्ठ उन्मूलन, प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त अभियान, पर्यावरण संरक्षण, एड्स से बचाव आदि का संदेश राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा प्रसारित किया जा रहा है। इसके लिए लोगों में जागरूकता लाने के प्रयास के तहत रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया जा रहा है। तालाबों , उद्यानों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान राजीव युवा मितान क्लब कर रहे हैं। राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्वयक आशीष यादव , भिलाई नगर के समन्वयक सौरभ दत्ता , खुर्सीपार के समन्वयक देवेश एवं राकेश तथा वैशाली नगर के समन्वयक अतुल श्रीवास्तव के द्वारा सभी राजीव युवा मितान क्लब से लगातार संपर्क साधकर खेल, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बना रहे हैं। इसके तहत वार्ड क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के आयोजन कर लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।